महोबा पुलिस

दिनांक- 30.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 272/26

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 30.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 30.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 273/26

# महोबा पुलिस

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक परेड का निरीक्षण, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं पर विशेष जोर...।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 30.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वंदना सिंह द्वारा पुलिस लाइन, महोबा में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण की गई। तत्पश्चात उनके द्वारा परेड का विधिवत निरीक्षण किया गया तथा पुलिस कर्मियों से सुदृढ़, सुसंगठित एवं अनुशासित परेड कराई गई।
- परेड के दौरान उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सदैव सक्षम रहने हेतु प्रेरित किया तथा इसी क्रम में जवानों की दौड़ भी कराई गई, जिससे उनमें कार्य के प्रति उत्साह एवं ऊर्जा का संचार बना रहे।
- परेड उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण करते हुए परिवहन शाखा, मेस, कैंटीन एवं आरओ प्लांट का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गुणवत्ता का आंकलन करते हुए संबंधित प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।
- इसके अतिरिक्त क्वार्टर गार्ड एवं आदेश कक्ष का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों/रजिस्टरों का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।
- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को उच्च कोटि का अनुशासन बनाए रखने, कर्तव्य के प्रति सजग रहने तथा बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।







दिनांक- 30.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 274/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय न्यायालय महोबा में सघन चेकिंग अभियान, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद...।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 30.06.2026 को क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री तेजप्रकाश सिंह द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री नदीम अनवर के साथ जनपदीय न्यायालय परिसर महोबा में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर की सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी संभावित खतरे एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर निरीक्षण एवं जांच की गई।
- अभियान के अंतर्गत न्यायालय परिसर में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहनता से जांच की गई। परिसर के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद किया गया।
- इस दौरान न्यायालय परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की भी बारीकी से जांच की गई तथा उनकी कार्यशीलता को परखा गया, जिससे निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।
- चेकिंग के दौरान न्यायालय परिसर एवं उसके आसपास खड़े वाहनों की भी सघन तलाशी ली गई तथा बिना सत्यापन प्रवेश करने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई। इस पूरी कार्यवाही का उद्देश्य न्यायालय में आने वाले न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।
- उक्त अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक न्यायालय सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद के सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर इस प्रकार की चेकिंग अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं, जिससे कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जा सके एवं आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे।





दिनांक- 30.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 275/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल - चरखारी, थाना - खरेला

## थाना खरेला पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 30.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला श्री नन्हेलाल द्वारा गठित उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह मय हमराह हे0कां0 संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त प्रमोद कुमार उर्फ जीतू पुत्र शीतल अहिरवार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम कुँआ थाना खरेला जनपद महोबा सम्बन्धित वाद सख्या 54/22 मु0अ0सं0 97/22 धारा 452/323/504/506/325 भादवि0 में मा0 न्यायालय महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को परथनिया बुन्देलखण्ड हाइवे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1.उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह

2.हे0कां0 संजय कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

प्रमोद कुमार उर्फ जीतू पुत्र शीतल अहिरवार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम कुँआ थाना खरेला जनपद महोबा



दिनांक- 30.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 276/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल - चरखारी, थाना - खरेला

## थाना खरेला पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 30.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला श्री नन्हेलाल द्वारा गठित उ0नि0 राकेश कुमार शर्मा मय हमराह हे0कां0 योगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अं0सं0- 94/25 धारा 137(2)/64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त कपिल पुत्र शिवसहाय अहिरवार उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मगरौठ थाना चिकासी जनपद हमीरपुर को कस्बा खरेला के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 राकेश कुमार शर्मा
2. हे0कां0 योगेन्द्र सिंह

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

कपिल पुत्र शिवसहाय अहिरवार उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मगरौठ थाना चिकासी जनपद हमीरपुर



दिनांक- 30.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 277/26

# महोबा पुलिस

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।

उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु आज दिनांक 30.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही पुलिस सेवा के दौरान उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को स्मरण करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी-**

1. उ0नि0 श्याम बहादुर सिंह
2. उ0नि0 श्याम बाबू
3. उ0नि0 रमाशंकर शुक्ल
4. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (माली) राम कुमार सैनी

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, जनपदीय पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारीजन उपस्थित रहे। सभी के द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को ससम्मान विदाई दी गई।





दिनांक- 30.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 278/26

# महोबा पुलिस

## मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

## महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महोबा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं OTP साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।







दिनांक- 30.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 279/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल - नगर, थाना - खन्ना

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थानाध्यक्ष खन्ना श्री धर्मेन्द्र सिंह की देखरेख में पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

उ0नि0 श्री हीरामणि तिवारी मय हमराह रि0का0 मुकेश कुमार द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर गठिया बाबा मन्दिर वहद ग्राम सिरसीकलां थाना खन्ना जनपद महोबा से अभियुक्त जयनारायण पाल पुत्र रज्जू पाल उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम सिरसीकलां थाना खन्ना जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक बोरी में 43 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब ब्राण्ड "मस्तीह" नाजायज बरामद की गई।

बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना खन्ना जनपद महोबा में मु0अ0सं0 61/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:**

1. उ0नि0 श्री हीरामणि तिवारी
2. रि0का0 मुकेश कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त:**

जयनारायण पाल पुत्र रज्जू पाल उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम सिरसीकलां थाना खन्ना जनपद महोबा

**बरामदगी विवरण:**

एक बोरी में 43 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब ब्राण्ड "मस्तीह" नाजायज बरामद

